BSES

वॉट्सऐप बना बिजली चोरी के खिलाफ नया हथियार

- बीआरपीएल वॉट्सऐप – 9555010022
- बीवाईपीएल वॉट्सऐप – 8588892156

नई दिल्लीः 27 सितम्बर, 2016। बीएसईएस ने बिजली चोरी के खिलाफ अपने अभियान को गति देते हुए, वॉट्सऐप को अपना नया हथियार बनाया है। अब उपभोक्ता वॉट्सऐप पर न सिर्फ बिजली चोरी की विस्तृत शिकायत कर सकेंगे, बल्कि बिजली चोरी वाली जगह की फोटो और विडियो भी उस पर अपलोड कर पाएंगे। बीआरपीएल और बीवाईपीएल के लिए पूर्ण रूप से केंद्रीकृत वॉट्सऐप नंबर जारी किए गए हैं, जो कंपनी के उच्च अधिकारियों के नियंत्रण में रहेंगे। ऐसी व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि वॉट्सऐप पर बिजली चोरी की शिकायत करने वाले उपभोक्ताओं की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जा सके। वॉट्सऐप सेवा के पायलट प्रोजेक्ट के नतीजे काफी उत्साहवर्धक रहे हैं, और अब इस सेवा को व्यापक पैमाने पर शुरू कर दिया गया है।

बीआरपीएल क्षेत्र के लिए वॉट्सऐप नंबर है – 9555010022, और बीवाईपीएल क्षेत्र के लिए 8588892156

दरअसल, बिजली चोरी से न सिर्फ डिस्कॉम्स को राजस्व की हानि होती है, बल्कि इससे बिजली के नेटवर्क पर अवैध रूप से अत्यधिक दबाव बढ़ता है, जिससे ब्रेकडाउन होते हैं और लोकल फॉल्ट्स बढ़ जाते हैं। गर्मियों के दौरान बिजली गुल होने का एक बड़ा कारण बिजली की चोरी भी है।

हालांकि पहले के मुकाबले दिल्ली में बिजली की चोरी में काफी कमी आई है, लेकिन अभी भी कई ऐसे इलाके हैं, जहां बड़े पैमाने पर बिजली की चोरी हो रही है। इन इलाकों में जब एन्फोर्समेंट की टीमें चेकिंग के लिए पहुंचती हैं, तो असामाजिक तत्व उन्हें घेर लेते हैं और चेकिंग नहीं करने देते, जबकि उन्हें बिजली चोरी की चेकिंग करने का कानूनी अधिकार मिला हुआ है।

जिन इलाकों में अभी भी बिजली की अत्यधिक चोरी हो रही है, उनमें प्रमुख हैं– सीलमपुर, यमुना विहार, करावल नगर, नंद नगरी, दरिया गंज, चांदनी चौक, नजफगढ़, जाफरपुर, मुंडका, शाहीन बाग, आदि।

वॉट्सऐप सेवा का उद्देश्य मुख्य रूप से उन इलाकों को लक्ष्य पर लेना है, जहां बहुत अधिक मात्रा में बिजली की चोरी हो रही है। विशेष टीमों का गठन कर लिया गया है, जो मुख्य तौर पर वॉट्सऐप पर आने वाली शिकायतों पर कार्रवाई करेंगी। वॉट्सऐस पर आए फोटोग्राफ और विडियो, बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ एक कानूनी सबूत के तौर पर भी काम आएंगे। इससे उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा उन्हें सजा दिलाने में भी मदद मिलेगी।

वॉट्सऐप सेवा को कारगर बनाने के लिए बीएसईएस आम नागरिकों और आरडब्ल्यूएज को इसमें शामिल कर रही है। उन्हें वॉट्सऐप की ट्रेनिंग दी जा रही है कि वे कैसे, बिजली चोरी की फोटो और विडियो बनाकर उसे बीएसईएस के वॉट्सऐप नंबरों पर अपलोड कर सकते हैं। इसके अलावा, वॉट्सऐप नंबर को प्रचारित करने के लिए बिजली चोरी वाले इलाकों में पर्चे–पोस्टर आदि भी लगाए जा रहे हैं।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक, बिजली चोरी के खिलाफ अभियान को धारदार और प्रभावी बनाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। एनिमेशन फिल्मों के माध्यम से स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता फैलाई जा रही है। समाज पर बिजली चोरी के दुष्परिणामों के बारे में बच्चों को मनोरंजक तरीके से जागरूक किया जा रहा है।